प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
06.07.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09:20 बजे

अलंकरण

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सशस्त्र बलों, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और राज्य और केंद्र शासित प्रदेश पुलिस के कर्मियों को 36 वीरता पुरस्कार प्रदान किए। नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में कल आयोजित रक्षा अलंकरण समारोह चरण–एक में ये पुरस्कार प्रदान किए गए। इनमें दस कीर्ति चक्र और 26 शौर्य चक्र शामिल हैं। सात–सात कर्मियों को मरणोपरांत कीर्ति चक्र और शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया। वीरभूमि हिमाचल प्रदेश के शिमला जिले के कुपवी क्षेत्र के वीर सपूत राइफलमैन कुलभूषण मांटा को मरणोपरांत शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया। रक्षा अलंकरण समारोह में राइफलमैन कुलभूषण मांटा की मां दुर्गा देवी और धर्मपत्नी नीतू कुमारी ने राष्ट्रपति से यह सम्मान ग्रहण किया।

उपचुनाव–प्रचार

प्रदेश के तीन विधानसभा क्षेत्रों देहरा, हमीरपुर व नालागढ़ में उपचुनाव के लिए 10 जुलाई को मतदान होगा और मतगणना 13 जुलाई को होगी। मतदान के लिए अब चार दिन शेष हैं ऐसे में चुनाव प्रचार ने भी ज़ोर पकड़ लिया है। भाजपा व कांग्रेस दोनों ही राजनीतिक दलों के नेता इन विधानसभा क्षेत्रों में जनसभाएं व जनसंपर्क के माध्यम से लोगों से वोट मांग रहे हैं। इस दौरान आरोप–प्रत्यारोप का दौर भी जारी है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता व मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज देहरा विधानसभा क्षेत्र के लुदरेट, नंदपुर, जलरियां, गुलेर और भटोली फकोरियां में पार्टी प्रत्याशी कमलेश ठाकुर के पक्ष में चुनावी जनसभाओं को संबोधित करेंगे।

नियुक्ति

भारतीय जनता पार्टी के अध्ययक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने 24 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में राज्य प्रभारी और सह–प्रभारी नियुक्त किए हैं। श्रीकांत शर्मा को हिमाचल प्रदेश पार्टी प्रभारी नियुक्त किया गया है वहीं संजय टंडन सह प्रभारी बनाए गए हैं।

संपूर्णता अभियान

प्रदेश के दूरदराज इलाकों में सरकारी योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करने और आम लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाने के उद्देश्य से नीति आयोग ने ''आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम'' की शुरुआत की है जिसके तहत 30 सितंबर तक चयनित ब्लॉकों में संपूर्णता अभियान चलाया जा रहा है। शिमला जिला के छौहारा आकांक्षी ब्लॉक में नीति आयोग के डिप्टी एडवाइजर प्लानिंग मुरलीधरण की अध्यक्षता में संपूर्णता अभियान की शुरुआत हुई जिसमें सम्बन्धित विभागों के नोडल अधिकारियों ने अपनी प्रस्तुति दी और आगामी लक्ष्य को लेकर चर्चा की। इस मौके पर रोहड़ू के एस.डी.एम. धर्मेश रमोत्रा, बीडीओ रामेश्वर चौधरी सहित स्वयं सहायता समूहों, सभी पंचायत प्रधान व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहें।

इसके अलावा शिमला जिला के चयनित आकांक्षी ब्लॉक कुपवी में आज से संपूर्णता अभियान शुरू हो रहा है। संपूर्णता अभियान के अंतर्गत पांच क्षेत्रों में 39 इंडिकेटर पर ध्यान दिया जा रहा है।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश इलाकों में मॉनसून के सक्रिय होने से रूक–रूक कर बारिश का क्रम जारी है। भारी बारिश के कारण राज्य के कई स्थानों में भूस्खलन के चलते अनेक संपर्क मार्ग भी बाधित हैं और नदी–नाले भी उफान पर हैं। मौसम विभाग ने आज अधिकांश स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा होने की संभावना जताई है। विभाग ने मंडी, सिरमौर, कांगड़ा, कुल्लू, किन्नौर और शिमला जिलों में फ्लैश फ्लड की चेतावनी भी जारी की है और लोगों को अनावश्यक यात्रा से बचने और नदी नालों से दूर रहने की सलाह दी है।

पी.जी. परीक्षा

स्नातकोत्तर चिकित्सा पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए राष्ट्रीय पात्रता प्रवेश परीक्षा–नीट 11 अगस्त को दो पारियों में ली जाएगी। राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान परीक्षा बोर्ड ने इसके लिए संशोधित समय–सारिणी जारी की है। यह परीक्षा पिछले महीने होनी थी, लेकिन कुछ अन्य– प्रतियोगिता परीक्षाओं पर लगे आक्षेप के कारण इसे रद्द कर दिया गया था।

अब सुर्खियां समाचार पत्रों से..............

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। अमर उजाला का शीर्षक है–हिमाचल के 5 बैरियरों पर फास्टैग से होगी प्रवेश शुल्क वसूली।

पंजाब केसरी की सुर्खी है–डी.ए.वी. कॉलेज कांगड़ा की प्रियंका बी.कॉम में टॉपर, 12 में से 11 स्थानों पर लड़कियां।

दैनिक जागरण का शीर्षक है–वित्त विभाग की आपति के बावजूद सिंगल टेंडर आबंटित–बिजली बोर्ड के निदेशक मंडल की बैठक में मौजूद विशेष सचिव वित्त ने किया था विरोध।

हिमाचल दस्तक मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से लिखता है–हमने डेढ़ साल में निकाली 28 हजार नौकरियां। दिव्य हिमाचल के अनुसार–नौकरियों को लेकर सी.एम ने घेरी भाजपा। इसी पत्र की एक अन्य सुर्खी है–हिमाचल में अब मर्ज होंगे सरकारी स्कूल।

दैनिक सवेरा टाइम्स ने पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर के हवाले से लिखा है–भाजपा के विकास के आगे कहीं खड़ी नहीं होती कांग्रेस।

अमर उजाला का शीर्षक है–शिमला के कुपवी के कुलभूषण मांटा को मरणोपरांत शौर्य चक्र।

हिमाचल दस्तक लिखता है–404 करोड़ रुपये की देनदारी में फंसा लोक निर्माण विभाग।

मौसम पर दैनिक भास्कर की सुर्खी है–हिमाचल में मॉनसून की सक्रियता बरकरार, 6 जिलों में भारी बारिश से जनजीवन अस्त–व्यस्त–चंडीगढ़–मनाली हाईवे के चार मील में पुल टूटा, 64 सड़कें बंद, आज 6 जिलों में बाढ़ का अलर्ट। पंजाब केसरी लिखता है–ऊना में सड़कें जलमग्न, पालमपुर में मूसलाधार बारिश, ग्लेशियर पिघलने से मनाली–लेह मार्ग पर बाढ़।

अच्छी क्वालिटी का टमाटर थोक में 48 रुपये किलो बाजार में 80 रुपए बिक रहा, अभी और बढ़ेंगे दाम–दैनिक भास्कर की एक अन्य ख़बर है।

————————